an>

Title: Need to carry out repair work on Dewas-Shivpuri and Ujjain-Kota National Highways in Madhya Pradesh.

श्री मनोहर उटवाल (देवास) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से एक बहुत महत्वपूर्ण समस्या की ओर माननीय मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। मेरे लोक सभा क्षेत्र देवास से दो राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरते हैं - एक देवास से शिवपुरी वाया मकसी-शाजापुर-सारंगपुर तथा दूसरा राजमार्ग उज्जैन से कोटा वाया आगर-सोयत-सुसनेर। उज्जैन एक धार्मिक नगरी होने से इन दोनों हाईवेज़ का महत्व बहुत बढ़ जाता है। इस नगरी में हर वर्ष धार्मिक मेले होने से लाखों श्रृद्धालु आते हैं। वर्ष 2016 में सिंहस्थ का आयोजन होना है जिसमें करोड़ों श्रृद्धालुओं के आने की संभावना है। उक्त दोनों हाईवेज़ जीर्ण-शीर्ण हो गए हैं जिससे आए दिन बड़ी दुर्घटनाएं होती हैं। आवागमन भी 24 घंटे दोनों हाईवेज़ पर चालू रहता है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को अवगत कराना चाहता हूं कि इन खराब राजमार्गों का कार्य तत्काल प्रारंभ कर सिंहस्थ से पूर्व पूर्ण कराने की कृपा करें ताकि आम नागरिकों को इसकी कठिनाई से बचाया जा सके।